तापमान

अधिकतम 38.3 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 26 मई, 2025



11 अंडरपास में निर्माण के बाद से बरसात में भरता है पानी





12 लक्ष्य ऊंचा रखें और मेहनत से मुकाम हासिल करें : आशिष




## खबर संक्षेप

### चैतन्य आश्रम में नेत्र चिकित्सा शिविर 1 को

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित ऋषि चेतन्य आश्रम में 1 जून को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आनन्दमूर्ति गुरुमां की प्रेरणा से एम्स नई दिल्ली एवं मंथन आई हेल्थ केयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शिविर में दृष्टिदोष, मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा जैसी नेत्र संबंधी बीमारियों की जांच की जाएगी। जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में विधायक देवेंद्र कादियान भी शिरकत करेंगे। ऋषि चेतन्य आश्रम से आचार्य सुशील जी ने लोगों से शिविर में पहुंचने की अपील की।

### खानपुर के पास 11 केवी फीडर से तार चोरी

**गोहाना।** बिजली निगम के 11 केवी के फीडर से चोरों ने तार चोरी कर लिए। तार खानपुर कृषि फीडर से चोरी की गई। जब खेतों में बिजली की आपूर्ति बंद हुई तो निगम की टीम जांच के लिए पहुंची। खानपुर से मुंडलाना रोड पर दो जगह से 33 सौ मीटर लंबाई में खंभों पर तार ही नहीं मिली। इससे निगम को डेढ़ लाख रुपये से अधिक नुकसान हुआ। लाइनमैन व जेई ने एसडीओ को रिपोर्ट की। एएफएम जगबीर ने अधिकारियों को बताया कि खानपुर से मुंडलाना रोड पर कुई व माइनर के निकट से तार चोरी की गई।

### पति से थी रंजिश, पत्नी को पीटा

**गोहाना।** गांव रुखी में पति से कहासुनी की रंजिश में पत्नी से मारपीट की। उसे बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल ले जाया गया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सुदेश ने पुलिस को बताया कि वह गांव से रोहतक की तरफ जा रही थी। रास्ते में राजेश व उसकी पत्नी मिले, जिन्होंने रास्ता रोककर उससे मारपीट की। उसके लाठी से पीटा गया। मारपीट के दौरान उसकी चेन व बालियां गुम हो गई। आरोपितों ने उसके साथ पहले पति से हुई कहासुनी की रंजिश में मारपीट की।

### सोशल मीडिया पर हथियार लहराए, गिरफ्तार

**गोहाना।** बरोदा थाना की पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने पर आरोपित गांव जागसी के संगम को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिला पुलिस आयुक्त कार्यालय की तरफ से 23 नवंबर 2024 को बरोदा थाना पुलिस को गांव जागसी के संगम द्वारा इंटरनेट मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने के संबंध में जांच करने के लिए पत्र भेजा गया था।

### गन्नौर आरओबी के नीचे मिला अज्ञात शव

**गन्नौर।** गन्नौर आरओबी के नीचे टैक्सी स्टैंड के पास रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलते ही थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के दाहिने हाथ पर दीपक नाम गोदा हुआ है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है।

### फुटबाल लिजेंडरी अवार्ड दो जून को

**सोनीपत।** हरियाणा फुटबाल महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संघ के अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 2 जून को हरियाणा के वरिष्ठ फुटबाल कोच, रेफरी, प्रशासक व प्रबंधकों को सम्मानित करने के लिये हरियाणा फुटबाल लिजेंडरी अवार्ड के नाम से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित हूडा कंवेंशन सेंटर में आयोजित होगा।

---

तेज आंधी और बरसात से जनजीवन प्रभावित

# 850 पेड़, 375 खंभे, 22 ट्रांसफार्मर गिरे, 31 एमएम बारिश

## वन विभाग और बिजली निगम को नुकसान, कई इलाकों में 10 घंटों बाद मिल पाई बिजली

- बिजली गुल होने से लोगों को घरों में हुई परेशानी, सड़कों पर जलभराव से वाहन चालकों को दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में नौ तपा की शुरुआत के साथ ही आई बारिश ने भारी गर्मी से राहत दिलाई है। शनिवार देर रात बरसे मेघा ने मौसम में ठंडक घोल दी है। जिले भर में औसतन 31 एमएम बारिश दर्ज की गई है। वहीं शहर में 28 एमएम बारिश हुई, जिसकी वजह से निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। शहर की सभी प्रमुख चौक चौराहों पर अल सुबह तक जलभराव की समस्या देखने को मिली। शनि मंदिर अंडर ब्रिज में छह फुट तक पानी भर गया था। मेयर राजीव जैन ने शहर में निकलकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर बारिश से पहले आई आंधी के दौरान जिले भर में 850 पेड़ गिर गए और 375 खंभे टूटने के साथ 22 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी की वजह से कई स्थानों पर विद्युत लाइनों में फाल्ट आने से आठ से 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली गुल होने के कारण लोगों को परेशानी सामना करना पड़ा।

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार देर रात करीब पौने एक बजे मौसम में हुए परिवर्तन के बाद रुक-रुककर सुबह छह बजे तक बारिश होती रही। बारिश से शहरी क्षेत्र में निकासी व्यवस्था फेल नजर आई। सड़कों व कॉलोनियों में घंटों तक पानी भरा रहा। जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश से अधिकतम तापमान 33 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बारिश से पहले आई आंधी के बाद बिजली निगम के कर्मचारी लाइनों में फाल्ट को ढूंढते रहे। जिससे बिजली लाइन को दुरुस्त करने में समय लगा। बिजली निगम की टीम रातभर क्षेत्र में डटी रही और फाल्ट को ठीक करती रही। शहरी क्षेत्र में 6 घंटे के कट लगने के बाद शहर के कुछ हिस्सों में सुबह 9 बजे बिजली सुचारू हुई, लेकिन कुछ क्षेत्र में दोपहर बाद बिजली सप्लाई शुरू हो पाई। बिजली निगम के कर्मचारी दिनभर मरम्मत कार्य में जुटे रहे।



गन्नौर। पोल समेत जमीन पर गिर कर टूटा ट्रांसफार्मर।

### गांवों में असर

**गन्नौर।** रविवार अल सुबह आई तेज वर्षा और आंधी के चलते गन्नौर शहर, गांवों व खेतों में बिजली निगम को भारी नुकसान हुआ है। आंधी की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में करीब 120 बिजली के पोल टूट गए, जबकि 7 से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हो गए। वहीं शहरी क्षेत्र में भी कई जगहों पर बिजली के पोल व ट्रांसफार्मरों के उखड़ने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब 6 घंटे के कट लगने के बाद शहर के कुछ हिस्सों में सुबह 9 बजे बिजली सुचारू हुई, लेकिन कुछ क्षेत्र में दोपहर बाद बिजली सप्लाई शुरू हो पाई। वहीं गांवों व खेतों में अब भी कई स्थानों पर बिजली की आपूर्ति ठप है।



गन्नौर। गांव में गिरी मकान की छात।

### मकान गिरा

**गन्नौर।** गांव गढ़ी झंझारा में बीती रात आई तेज आंधी और वर्षा की वजह से कच्चे मकान की कड़ी टूट गई और मकान की छत भरभरा कर गिर गई। हादसे के समय मकान मालकिन पूजा, उनके पति चांद सिंह और अन्य परिवार सदस्य मकान में ही सो रहे थे, लेकिन गनीमत रही कि सभी सुरक्षित बाहर निकल आए। तेज हवा के चलते मकान पर डाली गई तिरपाल भी उड़ गई, जिससे वर्षा का पानी सीधे अंदर चला गया और घर का सामान भीगकर खराब हो गया। पूजा ने बताया कि बताया कि र्ष 2017 में भी मकान की छत गिर गई थी, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सोनीपत में जलभराव





### पानी निकाली पूरी तरह ठप

जिले में औसतन 31 एमएम बारिश से ही निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। नेशनल हाईवे-44 पर मुरथल व भिगान के पास सड़क पर पानी भरा नजर आया। गांव नाथूपुर में पानी निकासी पूरी तरह ठप रही। कई लोगों के घरों में पानी भर गया। गांव मलिकपुर-ताजपुर पर भी पानी भरने से वाहन चालक परेशान रहे। वाहनों को पानी से गुजरना पड़ा। पैदल लोगों को दिक्कत हुई। शहर में जगह-जगह पानी भर गया। गीता भवन चौक, ककरोई चौक, बहालगढ़ रोड, कामी रोड, गोहाना रोड, वैक्सन कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र, मॉडल टाउन, पुरखास रोड, सेक्टर-14 व 15, अग्रसेन चौक सहित अधिकतर स्थानों पर पानी भर गया।



### खरखौदा में सड़कें बनी तालाब

**खरखौदा।** 13 एमएम बारिश हुई और खरखौदा का चप्पा-चप्पा जलमग्न हो गया। शहर के दिल्ली रोड, थाना कला रोड, रोहतक रोड, गोपालपुर रोड, बरोना रोड, सोनीपत रोड और कई गांवों में जलभराव से हालात बिगड़ गए है। कई रास्तों पर पानी इतना भर गया कि निकलना मुश्किल हो गया। विधायक पवन खरखौदा के कार्यालय के सामने रोहतक रोड पर, अनाज मंडी के पास भी सड़क पानी से लबरेज है। जल निकासी के लिए प्रशासन ने न तो कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं और न ही अस्थाई तौर पर पानी निकालने की कोई व्यवस्था नजर आई।



### गोहाना में बिजली बाधित

**गोहाना।** शनिवार रात आई आंधी के साथ वर्षा में बिजली निगम और वन विभाग को भारी नुकसान हुआ। आंधी में गोहाना में लगभग 100 खंभे और तीन ट्रांसफार्मर गिरे और टूट गए। इससे शहर के कुछ हिस्सों में सात घंटे और कुछ गांवों में लगभग 10 घंटे तक बिजली बाधित रही। एग्रीकल्चर फीडरों की लाइनों पर अधिक नुकसान हुआ। क्षेत्र में 150 से अधिक पेड़ भी टूट गए।

### ट्रिपिंग से परेशानी

आंधी के कारण मंडी क्षेत्र में तो सुबह 8:30 बजे तक बिजली आपूर्ति को बहाल किया गया, लेकिन 132 केवी पावर हाउस के लोड न उठा पाने के कारण फिर से कट लगा दिया गया। जिससे शहर में बिजली बार-बार ट्रिप होने से लोगों की परेशानी बढ़ी। बिजली निगम की टीमें रात से ही मरम्मत में जुट गई।

### फाल्ट दूर किया

शनिवार देर रात आई आंधी के चलते 375 खंभे व 22 ट्रांसफार्मर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे बिजली निगम को काफी नुकसान हुआ है। फाल्ट को दूर करते हुए लाइन को चालू किया गया। - *गीतूराम तंवर, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम*

### गिनती कर रहे

आंधी के दौरान 850 पेड़ गिरे है। वन कर्मियों की ओर से फील्ड में गिरे हुए पेड़ों की गणना जारी है। तेज आंधी और बरसात के कारण क्षेत्र में नुकसान हुआ है।
*-रेनूबाला, उप वन संरक्षक अधिकारी*

---

## खेलो इंडिया में रिकॉर्ड बनाने वाली तमन्ना का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम वेटलिफ्टिंग में प्रताप स्कूल की तमन्ना खिलाड़ी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। उनके सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जग उत्थान समिति, गरीब कल्याण संस्था पिपली, समाज कल्याण परिषद रोहट, सावित्रीबाई फुले सेवा समिति खरखौदा, साईं इंस्टिट्यूट के सुधीर स्वामी, यूथ ग्रुप खरखौदा, स्वामी श्रद्धानंद गुरुकुल, जांगड़ा समाज वेलफेयर सोसाइटी, वाल्मीकि सेवा सदन, क्रांतिकारी नीतीश दहिया फाउंडेशन मटिंडू, आर्य समाज रोहणा, युवा समिति रोहणा, युवा यूथ समिति फरमाना, एक लक्ष्य केवल सेवा समिति, तिरंगा युवा समिति खांडा, प्रधान मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष आजाद सिंह, गुरु गोरखनाथ सेवा समिति आदि ने स्वागत किया। मंच संचालक अश्वनी कौशिक ने किया। सम्मान से अभिभूत खिलाड़ी तमन्ना ने सभी स्वागत कर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर सुबोध दहिया ने प्रशंसा पत्र देकर उनका सम्मान किया।

### नकदी और गहने चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने छत के रास्ते घर के अंदर घुसकर नकदी व जेवरात चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजीत उर्फ रोहित निवासी बंदेपुर व सुमित उर्फ मोटा निवासी पटेल नगर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कलावती विहार निवासी महिला ने गत 17 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में कार्य करती है। वह सुबह ड्यूटी पर चली गई थी। बाद में उनके पति और बेटा भी बाहर चले गए। दोपहर को उनके पति प्रदीप घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच की तो अलमारी में रखे 55 हजार रुपये, गले का चांदी का सेट, नोज पीन, नाक की बाली, सोने की कानों की दो बाली भी गायब थी। जांच की तो पता चला कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ था।

## सेक्टर-23 में स्टंट कर रहे थे कार वाले, पहले स्कूटी सवार ऑटो और बच्चे को चपेट में लिया, फिर खंभे से टकराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 में कार स्टंटबाजी के दौरान ऑटो, स्कूटी सवार और एक बच्चे को अपनी चपेट में लिया। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। तेज रफ्तार कर बिजली के खंभे से टकरा कर रुकी तो कार सवार मौके से भाग गए। राहगीरों ने बच्चे को संभाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

कार में सवार एक युवक को भी चोट लगी है। घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-23 निवासी मंजीत ने बताया कि उसका आठ वर्षीय बेटा देर शाम को सड़क पर खेल रहा था। उसी दौरान दौरान आउटर की ओर से तेज रफ्तार कार आई। कार ने वहां से गुजर रहे ऑटो और स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। उनके बेटे आरव को भी कार ने चपेट में ले लिया। इसके बाद कार वहां लगे बिजली के खंभे से टकरा कर रूक गई। कार सवार कार को मौके पर ही छोड़ कर भाग गए। उन्होंने बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले को लेकर शहर थाना पुलिस को शिकायत दी।







सोनीपत। क्षतिग्रस्त कार और घायल बच्चा।

हादसा

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

सेक्टर-23 स्थित मकान में लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हो गई। सीसीटीवी में एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकरा कर रुकी। जिसके बाद कार घूम गई। वहां खेल रहे बच्चे को भी कार की टक्कर लगी। बच्चा सड़क पर काफी दूर जाकर गिरा। इसी दौरान एक युवक भाग कर आया। उसने बच्चे को संभाला। बच्चे के सिर, मुंह, पैर, हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आई। वहां से गुजर रहे स्कूटी सवार को रुकवा कर बच्चे को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचा। कार सवार तीन युवक बाहर निकले। वहां भीड़ भी एकत्रित हो गई। उसके बाद कार में सवार युवक फरार हो गए। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

---

वार्ड-1 में विकास कार्यों का शुभारंभ किया

## राज मोहल्ला और सब्जी मंडी रोड वासियों को मिलेगी जल भराव की समस्या से निजात

- निगम द्वारा 16 लाख रुपये की लागत से मुरथल अड्डे से सब्जी मंडी चौक (महात्मा ज्योतिबा फुले चौक) बिछाई जाएगी नई स्टॉर्म वाटर लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रविवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 1 के राज मोहल्ला में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि मुरथल अड्डे से सब्जी मंडी चौक (महात्मा ज्योतिबा फुले चौक) तक बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य आज शुरू किया गया है।लगभग 16 लाख रुपए की लागत से इस कार्य को पूरा किया जाएगा। इसके बाद इस क्षेत्र के लोगों को बरसाती पानी के कारण होने वाले जल भराव से निजात मिलेगी।



सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक और मेयर।

मेयर राजीव जैन ने कहा कि बरसात के मौसम से पहले जल भराव वाले सभी स्थानों को चिन्हित किया गया है और वहां जल्द से जल्द पानी की निकासी हो इसके लिए निगम द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राज मोहल्ला के पास स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य शुरू करवाया गया है जिससे क्षेत्र वासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न सेक्टरों और आवासीय क्षेत्र में स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य भी शुरू किया गया है। इस अवसर पर जवाहर बत्रा, पूर्व पार्षद संतोष बत्रा, हरि ओम शर्मा, सहदेव, परमानंद, खेम चंद, मोती लाल मुखी, विजय तनेजा, दिनेश मदान, दीपक दिवान, राहुल बत्रा, मोनू, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

### पिकअप में ले जाए जा रहे सांड को गोरक्षकों ने पुलिस की मदद से छुड़वाया

**खरखौदा।** गोरक्षों द्वारा एक पिकअप से लोड कर जाते हुए एक सांड को पकड़ा है। जिसे पुलिस की मदद से न केवल छुड़वाया गया, बल्कि चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। सिसाना के केशव का कहना है कि उन्होंने मिलकर एक गो उपचार केंद्र खोला हुआ है। वह अपने साथी संदीप, सतीश, इंद्रजीत व प्रवीन के साथ उपचार केंद्र पर जा रहा था कि उन्हें सूचना मिली एक पिकअप में सांड को ले जाया जा रहा है, जो रोहतक से खरखौदा की तरफ आ रहा है। सूचना पाकर उन्होंने उक्त पिकअप को रुकवाया और सांड के मिलने पर पुलिस को सूचना दी। जबकि चालक से उसका नाम पता पूछने पर वह पहले सोनू और रिंकू बताता रहा। बाद में उसने अपनी पहचान उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के नगला गांव के रहने वाले फिरोज के रूप में अपनी पहचान दी। जिसके बाद सांड को नंदीशाला में भेजा गया और चालक पर केस दर्ज करवाया गया।

## शराबी पति को ढूंढने निकली महिला की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- बहालगढ़ थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में शराबी पति सड़क हादसे का शिकार न हो जाए,इसलिए उसे घर से बाहर लेने पहुंची महिला खुद सड़क हादसे का शिकार हो गई। महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

रानपुर मैनपुर उत्तरप्रदेश निवासी हरिओम यादव ने बताया कि वह गुरुग्राम में नौकरी करता है। गत 24 मई देर शाम दस बजे सूचना मिली कि उसकी बहन शकुंतला अपने शराबी पति को घर से सड़क की तरफ लेने के लिए गई थी। जहां सड़क हादसे का शिकार हो गई। उसकी बहन उसके जीजा के साथ बहालगढ़ में रहती थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका जीजा अक्सर शराब पीता है। उसकी बहन उसे लेने के लिए घर से निकली थी। उसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी एसआई मंजीत सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द वाहन चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# साहित्य

*जो प्रेम असहिष्णु हो, जो दूसरों के मनोभावों का तनिक भी विचार न करे, जो मिथ्या कलंक आरोपण करने में संकोच न करे, वह उन्माद है, प्रेम नहीं।*

**- मुंशी प्रेमचन्द**



*भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कुछ काम दे देते और बदले में खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।*





कहानी

आशा खत्री 'लता'

# जीवनदान

विदेशी धरती पर समुद्र के किनारे बसे इस सुन्दर नगर की दूर तक फैली बीच पर यूँ ही घूमते हुए उसे कई दिन बीत चुके थे। मगर उसे अभी तक एक भी ऐसा चेहरा नहीं मिला था जिस पर उसे अपने लिए कुछ अपनत्व भाव दिखाई दे। अधिसंख्य गोरे और कुछेक मुस्लिमों की भीड़ में उसे कोई भारतीय नहीं दिखाई दिया। गोरी चमड़ी वाली औरतें मात्र अंतःवस्त्रों में ही काला चश्मा लगाये इधर-उधर पसरी पड़ी या किसी मर्द की बाँहों में बाँहें डालकर घूमती दिखाई देती। सर्दियों की दोपहर को यहाँ धूप सेंकना सूर्य स्नान कहलाता है। छोटे-मोटे कार्य के अतिरिक्त उसे कुछ करने को अभी तक नहीं मिला। वह, वह पाना चाहता है जिसके लिए वह अपना देश, अपना घर और अपना परिवार छोड़कर यहाँ आया है। और यह पाने को उसका भाग्य कब चमकता है उसे उसी की प्रतीक्षा भी है और खोज भी।

उसे यहाँ आये आज एक सप्ताह हो गया समझ नहीं पा रहा कि क्या किया जाये जिससे उसके गुजारे के साथ-साथ कुछ रुपये बचाकर वह घर भी भेज सके। तभी उसे एक दढ़ियल प्रौढ़ ने पुकारा - "हे जैन्टलमैन, माला लेंगे।" कहते हुए मालाओं से लदा हाथ उसने उसके आगे कर दिया। जेब के पैसे खत्म हो जाने का डर उन सुन्दर रंग-बिरंगी मालाओं के आकर्षण से बहुत बड़ा था तो दूसरी ओर मालाओं का आकर्षण भी कम नहीं था। उसे ऊहापोह में छोड़ दढ़ियल ने पास से गुजरती एक महिला की तरफ बढ़ते हुए कहा-"हे मैम, देखिये कितनी सुन्दर माला! आपके गले में सजकर तो ये और भी सुन्दर लगेगी।" वह आगे बढ़ती-बढ़ती ठिठक गयी। रंगीन पारदर्शी पत्थरों की उन मालाओं के साथ-साथ मालावाले की मधुर स्वरलहरी और नारी सौन्दर्य की प्रशंसा करती वाणी ने उसके कदम रोक लिये थे।

"ये कितने की है?" उस महिला ने कई मालाओं में से एक को छूते हुए कहा।

"केवल दो सौ रुपये की परन्तु आपकी खूबसूरत गर्दन के लिये एक सौ पचहत्तर की मैम।"

"नहीं-नहीं एक सौ पचास में देनी है तो दीजिए।"

दढ़ियल ने तत्काल माला निकालकर उसे पकड़ा दी और महिला पैसे निकालकर उसे थमा चुकी थी। दढ़ियल उसे एक तरफ छोड़ घूमते हुए माला बेच रहा था। कपिल को लगा कि यह काम तो बड़ा आकर्षक है। इसमें सामान के साथ-साथ मधुर स्वर और सौन्दर्य के नये-नये उपमानों के लिये काफी स्थान है। रात भर वह इस विषय पर सोचता रहा। अगले दिन बीच पर घूमते हुए वह माला वाले को ढूंढ़ता रहा। दोपहरी ढलने लगी थी कि उसे वह दिखाई दे ही गया। जहाँ चाह वहाँ राह की उक्ति को दोहराता हुआ कपिल लम्बे डग भरता हुआ उसके पास पहुँच गया।

"माला दिखाओ" वह मुस्कुराते हुए बोला।

दढ़ियल ने भी मुस्कुराते हुए हाथ आगे बढ़ा दिया। एक सुन्दर सी माला उठाते हुए उसने मूल्य पूछा।

"तीन सौ रुपये" दढ़ियल ने कहा।

"दो सौ में दे सकते हो तो दे दो" कपिल ने कहा।

"नहीं" कहते हुए वह आगे बढ़ने लगा।

"रुको, लो, तीन सौ रुपये और माला दो।"

दढ़ियल ने प्रसन्नता से रुपये थामते हुए माला उसे पकड़ा दी।

"बहुत ही सुन्दर है।" कहते हुए कपिल बात को आगे बढ़ाने की गर्ज से मुस्कुराया।

"वो तो है"

"कहाँ से खरीदते हो"

"सुपर मार्किट से" कहते हुए दढ़ियल आगे बढ़ने को हुआ तो कपिल ने उसे रोकते हुए कुछ और भी बातें की।

अगले दिन ही सुपर मार्किट से कुछ मालाएं खरीदकर वह भी बीच पर घूमने लगा। उसकी मुस्कुराती आँखें, मीठी वाणी और जादुई शब्दों का प्रभाव कि कुछ महिलाओं ने तुरन्त मुँह मांगे दाम पर मालाएं ले ली। जेब गर्म होते ही वह कुछ फल खरीदकर खाने लगा। पास में ही खेल रहे एक बच्चे को मुस्कुराते हुए उसने बड़े लाड़ से एक सेब प्रस्तुत किया। जिसे बालक बिना किसी ना नुकर के लेकर उसके पास बैठ खाने लगा। वह खुश था। आज का दिन कितना अच्छा है उसके लिए, उसका काम भी शुरू हो गया और इस बच्चे के रूप में उसे एक साथी मिल गया। भले ही बीच पर कुछ पल के लिए ही सही। बालक कुछ ही देर में उससे घुल-मिल गया उसने अपना नाम ईवान बताया।

अब कपिल का धन्धा चल निकला और ईवान के साथ दोस्ती भी। वह हर रोज की कमाई प्रातः स्थानीय बैंक में जाकर जमा करवा देता और सप्ताहांत में उसे पिता के खाते में भेज देता।

भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कभी-कभार कुछ काम दे देते और बदले में उसे वोदका के साथ खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।

"मैं तो आज ही आ जाता हूँ।" कपिल ने कहा।

अन्धा क्या चाहे दो आँखें, मन की इच्छा पूरी हो रही थी। अब उसने पॉल विच के कमरे में रात का ठिकाना जमा लिया। दिन भर समुद्र किनारे सैलानियों को मालाएं व पत्थर बेचने और प्रातः सांय पॉल विच के खेतों में काम करते उसे लगता जैसे वह अपने गाँव के खेतों में, अपने गाँव की मिट्टी से मिल रहा है। अपने गाँव से हजारों किलोमीटर दूर कई समन्दर पार इस शीत प्रदेश में जीवन बहुत कठिन तो था परन्तु कठोर नहीं लग रहा था। पॉल विच जो आयु के लगभग पचहत्तर वर्ष पार कर चुका था, एक संरक्षक के रूप में उसके सिर पर था। वह अपनी जवानी में एक पहलवान था, फिर प्रदेश सरकार में मन्त्री बना और अब किसान बनकर अपना वार्धक्य बिता रहा था। खेत में काम करने के बाद नित्य वोदका का सेवन करते हुए पत्नी के हाथ का स्वादिष्ट खाना उसके साथ-साथ कपिल को भी मिलने लगा था। पॉल विच की पत्नी एक सुघड़ गृहिणी के साथ एक वात्सल्यमयी स्त्री थी।

परन्तु जिन्दगी इतनी भी सरल कहाँ होती है जितनी आजकल कपिल को लग रही थी। हुआ यूँ कि पॉल विच की एक रिश्तेदार अपने दो बच्चों के साथ उसके पड़ोस में रहने आ गयी। वह स्वभाव से ही एक झगड़ालू और कर्कश स्वर वाली स्त्री थी। पॉल विच और कपिल की मित्रता उसे चुभती थी। कपिल उसे कतई घास नहीं डालता था। वह प्रयास भी करती तो कन्नी काट जाता।

ऐसी ही एक प्रातः जब कपिल पॉल विच के खेत में कार्य में जुटा था, तब वह आई और उस पर डोरे डालने का प्रयास करने लगी-

"प्यारे कपिल, तुम कितना काम करते हो।"

"प्रिय ओल्गा, क्या करूँ, मैं यहाँ काम ही तो करने आया हूँ।"

"क्या हम मित्र बन सकते हैं प्रिय कपिल।"

"ऐसा कैसे सम्भव है झगड़ालू ओल्गा।"

कपिल मुस्कुराया।

"मैं तुमसे तो नहीं ही झगड़ूंगी प्रिय कपिल"

"लेकिन मैं तो तुम जैसी कर्कशा से बात करना भी पसन्द नहीं करता। मुझे तो कोई मधुर स्वर वाली सुकुमारी ही आकर्षित कर सकती है झगड़ालू ओल्गा। अब तुम जाओ, नहीं तो तुम्हारी यह बेशर्मी मैं पॉल विच को बता दूँगा।"

*कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी।*

कपिल के मुँह से अपने लिए ऐसी उपेक्षापूर्ण बातें सुनकर वह पैर पटकती हुई चली गयी। कपिल ने तो पॉल विच को कुछ नहीं बताया पर जैसा कि उसे अन्देशा था कि ओल्गा ने पॉल विच को अपने हिसाब से कपिल के दुर्व्यवहार की शिकायत की। पॉल विच ने दुनिया देखी थी और कपिल के सद्व्यवहार को वह जानता था। ओल्गा के चरित्र की भी भनक उसे थी। अतः उसने कपिल से इस विषय में कुछ विशेष नहीं कहा।

कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी। उसने अपने पति, जो दूसरे शहर का माफिया डॉन था को, कपिल पर दुराचार के प्रयास का आरोप लगाते हुए रो-रोकर शिकायत की। उसके पति जिसके लिए मारपीट, हत्या जैसे जुर्म सामान्य बात थी, ने कुपित होकर कपिल की सुपारी स्थानीय माफिया डॉन दुश्चेव को दे दी।

दुश्चेव ने उसी दिन अपने एक गुण्डे को कपिल को शाम तक अपने पास उपस्थित करने का आदेश दिया। उस गुण्डे ने माला बेचते हुए कपिल को धर पकड़ा और शाम को अपने बॉस दुश्चेव के सामने उसके अड्डे पर उपस्थित होने का हुक्म चेतावनी भरे भयभीत कर देने वाले लहजे में दिया। कपिल भले ही कई महीने यहाँ रहते हुए पॉल विच की छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करने लगा था। वह हर शाम बीच पर व्यवसाय करने के लिए एक निश्चित राशि स्थानीय माफिया के कारिन्दे को भी देता था। परन्तु मारपीट, हत्या आदि से वह अभिज्ञ था। अतः सांय को जब वह बताये गये ठिकाने पर पहुँचा तो उसने ईवान को भी वहीं खेलते हुए पाया। उसे देखते ही ईवान चिल्ला पड़ा-

"भइया कपिल! भइया कपिल" और दौड़कर उससे लिपट गया। फिर उसका हाथ खींचते हुए अपने पापा के पास ले गया-

"पापा देखा कपिल भइया जिनके बारे में मैं आपको बताता हूँ। आज ये मुझसे मिलने आये हैं। मैं इनके लिए भी माँ से खाना बनवाता हूँ। आज ये यहीं खाना खायेंगे"

"हाँ, हाँ जाओ ईवान अपनी माँ से कपिल के लिए भी खाना बनाने के लिए कहो। उन्हें बताओ तुम्हारे कपिल भइया आये हैं।"

ईवान के अन्दर जाते ही दुश्चेव ने कपिल को सम्बोधित करते हुए कहा-

"तो तुम पॉल विच के यहाँ रहते हो?"

"जी" कपिल ने थूक सटकते हुए कहा।

"मैं कल उनसे मिलूँगा और उन्हीं से बात करूँगा। अब तुम जा सकते हो, ईवान को मैं समझा दूँगा।"

दुश्चेव की ठहरी हुई कड़क आवाज और भावहीन चेहरे ने तो कपिल के शरीर में सिहरन दौड़ा दी। परन्तु ईवान उसके लिए देवदूत बनकर आया था। जान बची और लाखों पाये। दुश्चेव के कहते ही वह तेज कदमों से खिसक लिया। इस विदेशी धरती पर उसका कौन था जो उसके लिए कुछ करता। वह लगभग दौड़ते हुए अपने ठिकाने पर पहुँचा। अगले चौबीस घण्टे उसके लिए बहुत ही चिन्ताजनक थे, जब तक कि दुश्चेव पॉल विच से मिलकर सारा मामला क्या था, न बता ले।

अगली शाम जब खेत पर दो घण्टे कठोर श्रम के उपरान्त कपिल वापस आया तो दुश्चेव पॉलविच से मिलकर जा चुका था। पॉल विच ने मुस्कराते हुए कपिल का स्वागत किया और वोदका का गिलास पेश करते हुए कहने लगा-

"दुश्चेव आया था। उसे ओल्गा के पति ने तुम्हारी सुपारी दी थी। पर तुम किस्मत के धनी निकले कि ईवान तुम्हें बड़ा भाई मानता है और यही बात तुम्हारे पक्ष में गयी। खैर, ओल्गा को उसके पति ने वापस बुला लिया है। तुम मेरे कमरे में यथावत रह सकते हो।" कपिल कुर्सी पर जड़ हुआ बैठा था। आज वोदका भी उसकी ठिठुरन को दूर न कर सकी। वह समझ नहीं पा रहा था कि यह कंपकंपी डर की है या ठण्ड की। अपनी सुपारी और दो माफिया से उसकी दुश्मनी का यह प्रसंग उसे भीतर तक सिहरा गया। लेकिन दूसरी ओर ईश्वर में उसकी आस्था और प्रगाढ़ हो गयी। एक नन्हें बालक को प्रेम से खिलाये कुछ फल, उसके साथ बिताये कुछ पल उसे जीवनदान दे गये थे।

---

पुष्पलता आर्य



## वर्जना में सर्जना

वर्जना में सर्जना की लीक पकड़े चल रहे हैं
नींद की अवमानना कर स्वप्न सच्चे पल रहे हैं

चीर कर पत्थर युगों के बह रहे उन्मुक्त धारे
कब समय के निर्झरों को बाँध पाए हैं किनारे
बाँध कितने बंधनों के हाथ अपने मल रहे हैं
वर्जना में सर्जना....

कंटकों के दंश कुसुमों ने सहे हैं मुस्करा कर
रात काटी है सितारों ने अंधेरी जगमगा कर
विषधरों के पाश में लिपटे हुए संदल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

रुख हवाओं का बदलने की मिली जिनको कुशलता
किंकिरी बनकर उन्हीं के चल पड़ी पीछे सफलता
धार के विपरीत जो बहते रहे अव्वल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

श्वास सूली पर चढ़े थे और छलना मुस्कराई
लाख सच ने कष्ट झेले कौनसी पीड़ा न पाई
जो खिले दलदल के तल पर वे कमल का दल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की...

मेघ बरसें या न बरसें चातकों ने हठ न त्यागा
प्यास थी पर भूमि से दो बूंद पानी भी न माँगा
या हुई पूरी प्रतिज्ञा अन्यथा निर्जल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ....

कृष्ण लाल 'गिरधर



## मिशन सिंदूर

जग जाहिर है जंग हमारी देखो हमारे जांबाज।
पैर पकड़ ले पाकिस्तान, खैर नहीं है तेरी आज ।

पुलवामा ,पहलगाम में पाप किया है पाकिस्तान।
चुन चुन कर अब बदले लेता, देखो हमारा हिंदुस्तान।

भिखमंगा भिखारी मांग रहा दूजो से हथियार।
जितने भी दावे तूने, सबके सब कर दिये बेकार।

पूरा विश्व अब देख रहा ,तेरे बंकर अड्डों को।
अब आतंकी ढेर हो रहे, देखो उनके खड्डों को।

शांत प्रिया सेना हमारी,कभी ना युद्ध चाहती है।
तेरे जैसे बेशर्म देश को, सबक जरूर सिखाती है।

अब ना चूकेंगे अब ना रुकेंगे, पूरा हिसाब चुकाएंगे।
मेरे भारत वीर सेनानी आगे बढ़ते जाएंगे।

जिन बहनों का सिंदूर मिटा है, उनको न्याय दिलाएंगे।
चला 'मिशन सिंदूर' है अब जड़ से ही मिटाएंगे।
जय हिन्द, जय हिन्द की सेना।

---

**साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण का मानना है कि आधुनिक युग में भी निश्चित रूप से साहित्य की स्थिति सर्वोच्च बनी है, मगर सोशल मीडिया के दौर को थोड़ा चुनौती भी कहा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि साहित्य के पाठकों में कमी आई है, बल्कि मुद्रित पुस्तकों के मुकाबले ऑनलाइन पाठ पठन कुछ ज्यादा हो गया है। असल में साहित्य वही है जो कालजयी हो और आम जनमानस की पीड़ा को प्रभावी तरीके से व्यक्त करता हो।**

साक्षात्कार

ओ.पी. पाल

# सामाजिक उत्थान का माध्यम है साहित्य सृजन: कृष्ण कुमार

साहित्य जगत में लेखन केवल साहित्य संवर्धन ही नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्थान में भी साहित्य की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसा साहित्य सृजन करते आ रहे मूर्धन्य विद्वानों का भी मत है कि साहित्य के बिना समाज की कल्पना असंभव है। समाज को नई दिशा देने के मकसद से ही साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं में लेखन करने में जुटे हैं।

ऐसे ही लेखकों में साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण भी सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करके आलेख, कविताओं और सामयिक विषयों पर अपने रचना संसार को दिशा देने में जुटे हुए हैं। साहित्यकार एवं लेखक कृष्ण कुमार निर्माण का जन्म 15 जून 1975 को हरियाणा के सोनीपत जिले में गोहाना तहसील के गांव बरोदा में भूप सिंह निनानिया और रतनी देहड़ान के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई साहित्यिक माहौल तो नहीं रहा, लेकिन पिता अक्सर उन्हें सांग दिखाने ले जाया करते थे, शायद इसी से प्रभावित होकर उनमें भी साहित्यिक व संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ने लगा। स्कूल में शिक्षकों ने भी उनकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग दिया। वह स्कूल में भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ और अभिनय करते थे और इन सभी विधाओं में उसने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें राज्य स्तर पर श्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ कमंटेटर का खिताब भी हासिल हुआ है। बकौल कृष्ण कुमार, बचपन से ही सांग देखकर और अपने ताऊ जी को सुन-सुनकर साहित्य सृजन के लिए उनके लेखन की शुरुआत हुई। सबसे पहले तो हरियाणवी में रागनी लिखना शुरू किया। जब वह आठवीं कक्षा में थे तो उन्होंने अपनी पहली रचना लिखी, जिसे कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भी गाया और उन्होंने उसे स्वयं भी सुना। इसी बीच निरंकारी मिशन द्वारा एक गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर' प्रकाशित हुआ, जो कि पहली बार सार्वजनिक भी हुआ और फिर अखबारों में प्रकाशित हुआ। अखबारों में उनकी रचनाएं छपने के क्रम से उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक भी था। जिसमें हिसार में उन्हें राज्य कवि उदयभानु हंस के साथ भी मंच पर कविता पढ़ने का अवसर मिला और यहीं से हिंदी में भी साहित्य लिखने का क्रम आगे बढ़ा। उन्होंने बताया कि उनके लेखन के क्रम ने गति पकड़ी और विभिन्न कवि सम्मेलनों में काव्य पाठ भी करते रहे। वहीं उनके कई साझा संग्रह भी आए, लेकिन एक मित्र ने कहा कि आप इतने दिनों से लिख रहे हो, अपना खुद का संग्रह लिखकर भी छपवाओ। इसके बाद उन्होंने हरियाणवी लघु कविताओं का संग्रह लिखा। जहां तक साहित्यिक सफर में परेशानियों का सवाल है उसके लेखन में कई बार आई, लेकिन ऐसी समस्याएं जल्द हल हो गई। एक ऐसा दिलचस्प किस्सा भी उस समय सामने आया, जब रेवाड़ी में वह अपना कविता पाठ करके मंच से नीचे उतर रहे थे तो युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने उनकी लिखी रचना को लिखित में मुझे मांगा, जिससे उनका उत्साह बढ़ना भी स्वाभाविक था। आज वह कविता, ग़ज़ल, लघुकथा, व्यंग्य, समसामयिक विषयों पर लेख लिख रहे हैं और कुंडली, लघुकविता, लघुकथा भी उनके साहित्यक साधना की विधाओं में शुमार हैं। उनके उनके साहित्य लेखन का फोकस जनपक्ष की व्यथा, जातिगत भेदभाव, किसानों की दुर्दशा और नारी अधिकार जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा रहा है।

उनके आलेख, कविताएं और रचनाएं देश की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी अनवरत प्रकाशित होती रही हैं। वहीं हिसार दूरदर्शन से उनके काव्य की अनेक बार प्रस्तुतियां प्रसारित हो चुकी हैं। साहित्य और संस्कृति से दूर होती युवा पीढ़ी को लेकर इनका मानना है कि लेखकों द्वारा साहित्य तो ज्यादा लिखा जा रहा है, लेकिन उसमें गिरावट नजर आने लगी है और यह बहुत ही तकलीफदेह है कि आज साहित्य भी दो खांचों में बांटा जा रहा है।

इसके लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य से जोड़ने के लिए स्कूल और कॉलेजों स्तर पर सहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यशालाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। युवाओं को साहित्य के प्रति प्रेरित करने के लिए उनके स्तर और बदलते युग के साहित्य लेखन की जरूरत है।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्ण कुमार की प्रकाशित पुस्तकों में हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'बखत बखत के बोल', हिंदी आलेख संग्रह 'प्रसंगवश', काव्य संग्रह 'कविता के बहाने व शब्द बोलते हैं', हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'घणा बदलग्गा यार जमाना', व्यंग्य संग्रह 'हल्के-फुल्के व्यंग्य', हरियाणवी कुंडली संग्रह 'मन के जालै', आलेख संग्रह 'संयोगवश' शामिल हैं। उनके साझा संग्रह में हरयाणवी गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर', 'कविप्रिया', लघुकविता संग्रह 'हरियाणवी जिंदाबाद' आदि प्रमुख हैं।



कृष्ण कुमार निर्माण

### पुरस्कार व सम्मान

हिंदी और हरियाणवी साहित्य में कविता, गजल, लघुकथा, व्यंग्य जैसी विधाओं में योगदान के लिए साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण को अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें 'हिंदी श्री' सम्मान, श्रेष्ठ साहित्यकार सम्मान, हरियाणवी साहित्य गौरव अवार्ड, श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, साहित्य सभा कैथल व नेपाल की संस्था द्वारा पुरस्कारों से नवाजा गया है। वहीं कवि सम्मेलनों के मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण कुमार निर्माण
**जन्मतिथि** : 15 जून 1975
**जन्म स्थान** : गांव व पोस्ट बरोदा, गोहाना, जिला सोनीपत,(हरियाणा)
**शिक्षा** : एमए (हिंदी), बीएड,एलएलबी, पत्रकारिता में डिप्लोमा
**संप्रति** : स्वतंत्र लेखन, कवि एवं शिक्षा विभाग हरियाणा में अधिकारी

---

# क्रूर समय का दर्द बताता 'हस्ताक्षर तुम्हारे हैं'






**कविता-संग्रह : हस्ताक्षर तुम्हारे हैं**
**लेखक : डॉ. कमलेश मलिक**
**मूल्य : 225 रुपये**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**

पुस्तक समीक्षा

ब्रह्म दत्त शर्मा

वरिष्ठ लेखिका और पूर्व कॉलेज प्रिंसीपल कमलेश मलिक मूलतः कथाकार हैं लेकिन कवि के रूप में भी वे कम विख्यात नहीं हैं। यह कविता-संग्रह इसका जीता जागता प्रमाण है। पुस्तक में संकलित कविताओं में वर्तमान समय के लगभग सभी जरूरी मुद्दों या समस्याओं को बड़े पुरजोर तरीके से उठाया गया है। आमतौर पर कविता या कहानी की किसी एक ही किताब में इतने ज्यादा विविध विषय कम ही देखने को मिलते हैं। दूसरा, इन कविताओं की भाषा सहज व सरल है और कवयित्री ने कहीं पर भी अपनी बौद्धिकता का प्रदर्शन करने का अनावश्यक प्रयत्न नहीं किया है। तीसरा ये सभी कविताएं आम आदमी के जीवन से भी जुड़ी हुई हैं। इस संग्रह के शुरुआत में कई बेहतरीन ग़ज़लें हैं। एक बानगी के तौर पर देखिए---

*लोग रहते हैं जहां बस सिर्फ रहने के लिए*
*बेशक मकां कह दो उसे घर तो हो नहीं सकता।*
*कहां तक जाएगी नफरत जगेगी एक दिन उल्फत*
*आखिर इंसां इंसां है पत्थर तो हो नहीं सकता।*

ग़ज़ल के बाद उनकी कविताओं की बात करें तो वहां अलग-अलग कविताओं में अलग-अलग विषयों पर कलम चलाई गई है। "सखी के नाम" कविता में बिछड़ी सहेली को याद करती हैं-

*मैत्री के रंग भला फीके कहां पड़े हैं*
*मैं देखती रही तुम्हें रंगीन तितलियों में।*

बहुत सी कविताएं समसामयिक मुद्दों को लेकर भी हैं। उन्होंने किसान आंदोलन, महिला खिलाड़ियों का आंदोलन, महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन इत्यादि मुद्दों को भी खूब उठाया है।

वे इसी पर कहती हैं, एक महिला खिलाड़ी देश का झंडा फहराती है खेल के मैदान में फिर वही आंसू बहाती है न्याय के विधान में। संग्रह की शीर्षक कविता में उन्होंने मठाधीशों की क्या खूब खबर ली हैः हम कोल्हू के बैलों से बंधी आंखें चले मीलों मगर हमको मिला भूसा, कि गुड शक्कर तुम्हारे हैं। जीवन की नश्वरता भी उनकी लेखनी से छूटी नहीं है, कुछ मीठे खट्टे फलों का एहसास भर है यह जिंदगी तो चार दिन मधुमास भर है, इस मंच का परदा गिराने तलक ही तो कठपुतलियों के नाच का आभास भर है। अंत में इतना कहा जा सकता है कि कमलेश मलिक की कविताएं इस क्रूर समय को कागज पर उतारने में और पाठकों को सोचने पर विवश करने में सफल रही हैं। लेखिका कमलेश मलिक को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप



### एक साथ चुनाव से होगा राष्ट्र का फायदा : बराल

**खरखौदा।** रविवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला खरखौदा के खांडा बाईपास पर पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विधायक पवन खरखौदा, जिला परिषद चेयरपर्सन के पति एवं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजवीर दहिया, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सत्येंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके बाद बराला खांडा गांव स्थित नारायण आश्रम पहुंचे। आश्रम में उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात' सुनी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में एक साथ चुनाव होंगे तो हर ग्रामीण को फायदा मिलेगा। हर व्यक्ति को इसका लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराने में करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। एक साथ चुनाव होंगे तो यह राशि बचेगी, जो देश के विकास कार्यों में लगेगी।



### नेत्र जांच शिविर में जांचे 110 मरीजों के नेत्र

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आरडेंट द्वारा डूडेजा आईज एंड ईएनटी हॉस्पिटल, सोनीपत में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 110 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्य डूडेजा और डॉ. इशानी डूडेजा ने सभी मरीजों की जांच की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया, पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, सुधीर खुराना, अभिषेक गुप्ता और मनोज कथूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे और शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग दिया।

## करोड़ों की लागत से बना था अंडरपास, वाहन चालक होते हैं परेशान

# अंडरपास में निर्माण के बाद से दो साल से बरसात में भरता है पानी

गन्नौर से सोनीपत मार्ग पर राजलू गढ़ी में बादशाही रोड पर रेलवे अंडरपास में भर जाता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

करोड़ों की लागत से गन्नौर से सोनीपत मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बादशाही रोड पर रेलवे अंडरपास में थोड़ी ही बरसात होते ही कई कई फुट तक पानी भर जाता है। अंडरपास को बने हुए दूसरा साल चल रहा है, वाहन चालक भी हैरान है कि कई बार तो जब बरसात भी नहीं होती तब भी अंडर पास में खेतों का पानी भर जाता है, बरसात होने पर तो और भी ज्यादा पानी भर जाता है जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । बीती रात हुई बरसात के बाद अंडरपास में पानी भरने के कारण वाहन चालकों को निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




**गन्नौर।** राजलू गढ़ी गांव के पास बादशाही रोड पर रेलवे अंडरपास में मैं बड़े पानी से गुजरते हुए वाहन ।

### 7 करोड़ की लागत से बना है अंडरपास : एसडीओ नरेश

एचआरडीसी के एसडीओ नरेश ने बताया कि निर्माण के बाद से लगातार पानी भरने की समस्या को लेकर उन्होंने निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट रोक रखी है, एजेंसी को जब तक पेमेंट नहीं दी जाएगी तब तक वह पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर लेता, इसके अलावा खेतों से जो पानी आता है उन किसानों को भी नोटिस दिए गए हैं, वे बिल्कुल दीवार के साथ में पानी भर देते हैं ।

### अंडर पास में निर्माण से अब तक पानी भरने के चलते नहीं की फाइनल पेमेंट

करोड़ों रुपए की लागत से बने अंदर पास में शुरुआत से लेकर अब तक लगातार बरसात होने पर वह बिना बरसात के भी कई बार पानी भरने को लेकर लोग हैरान है कि विभाग शुरू से लेकर अब तक स्थाई समाधान नहीं करवा पाया है और ना ही इसका पानी भरने का कारण खोज पाया है लेकिन विभाग के अधिकारी पूछने पर यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि कहीं ना कहीं अंडरपास की दीवारों से ही पानी का रिसाव हो रहा है, पानी रोकने के लिए उन्होंने आसपास के किसानों को नोटिस भी दिए हैं, बार-बार पानी भरने की समस्या से परेशान वाहन चालकों व लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस मामले की विजिलेंस जांच करवाई जाए और निर्माण के दौरान हुई लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए, उसके बाद ही जाकर इसका सफाई समाधान हो सकता है अन्यथा लोग इस तरह ही परेशान रहेंगे ।



**गोहाना।** डॉ. अरविंद शर्मा व मंत्री रणबीर गंगवा को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।

# पिछड़ा वर्ग की हितैषी है भाजपा सरकार : रणबीर

- भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाइजेशन का 12वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार पिछड़ा वर्ग की हितैषी है। वे रविवार को गोहाना के सेक्टर सात के कम्युनिटी सेंटर में भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाइजेशन के 12 वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधन कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पंचायतों और शहरी निकाय के चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लोगों को 8 प्रतिशत आरक्षण देकर उनके लिए प्रतिनिधित्व का रास्ता खोला। भाजपा सरकार योग्य युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरियां देने का एतिहासिक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शपथ लेते ही एक कलम से 25 हजार युवाओं को नौकरियां दी। उन्होंने संगठन को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ना चाहिए। जो समाज संगठित रहता है वह हमेशा तरक्की करता है। समारोह की अध्यक्षता आर्गेनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश प्रजापति ने की।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, सेवानिवृत आईएएस आरएस वर्मा, विनोद प्रजापति, नरेन्द्र प्रजापति, गोविंद प्रजापति, रमेश टांक, जितेन्द्र दक्ष, सतीश सरोहा, रामेश्वर प्रजापति, रामभगत फौजी, हवा सिंह वर्मा, डॉ. राममेहर राठी, धर्मसिंह, अमित महराना, पार्षद नन्हाराम आदि उपस्थित रहे।

## उखड़े पेड़ों के स्थान पर संगठन रोपेगा पौधे

- गोहाना में 26 पेड़ उखड़े, संगठन ने पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

तेज आंधी में गोहाना शहरी क्षेत्र में विभिन्न किस्मों के 26 पेड़ उखड़ गए। समाज कल्याण संगठन द्वारा इन पेड़ों की पहचान करके उनको हटाने व उनके स्थान पर नए पौधे लगाने का काम शुरू कर दिया गया।

समाज कल्याण संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा पिछले करीब डेढ़ दशक से गोहाना शहरी क्षेत्र में सडक़ों के साथ फुटपाथ की खाली जगह और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाता है।

संगठन द्वारा गोहाना में अब तक हजारों की संख्या में विभिन्न किस्मों के पौधे रोपे जा चुके हैं जिनमें से काफी पौधे बड़े पेड़ का रूप ले चुके हैं। पौधारोपण में संगठन अध्यक्ष आनंद जांगड़ा, सुनील कुमार, डॉ. बिजेंद्र, अभिमन्यु शर्मा, पवन, प्रवीण, बलजीत जांगड़ा, मुकेश, राजेश, कर्ण कुमार और मनीष का विशेष योगदान रहा।



**गोहाना।** पौधारोपण करते हुए संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे रासबिहारी बोस

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित सत नगर में रास बिहारी बोस की 139वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने रास बिहारी बोस के चित्र पर पुष्प अप्रित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि रासबिहारी बोस भारत के क्रांतिकारी नेता और महान स्वतंत्रता सेनानी थे। बोस ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 25 मई 1886 को बंगाल में हुआ। वे गदर विद्रोह के प्रमुख आयोजकों में से एक थे और उन्होंने इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना की थी। जयंती समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा रासबिहारी बोस ने आजाद हिंद फौज बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## हम विवेकानंद के अनुयायी हैं, जो असंभव को भी संभव कर दिखाते हैं : डॉ. निखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कोचिंग संस्थान टर्निंग प्वाइंट एकेडमी में संभव करे असंभव को भी विषय पर एक विशेष विमर्श आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से विवेकानंद केंद्र उत्तर प्रांत के सह-प्रमुख डॉ. निखिल यादव को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. यादव ने युवाओं को दिया लक्ष्य-सिद्धि का मंत्रयादव ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, युवाओं के लिए असंभव जैसा कोई शब्द नहीं होता। हम विवेकानंद के अनुयायी हैं, जो असंभव को भी संभव कर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्य आज हमें असंभव प्रतीत हो रहा है, वही कार्य मेहनत, लगन और प्रशिक्षण से कल हमारा यथार्थ बनेगा। जिस दिन परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप न आएं, उस दिन थकना या रुकना नहीं, बल्कि दोगुनी ऊर्जा से मेहनत करना चाहिए। निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है, और यही सकारात्मक परिणाम लाते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और भगिनी निवेदिता के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार इन महापुरुषों ने अपने-अपने क्षेत्र में असंभव को संभव कर दिखाया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ प्रतिभागी।

## पार्टी की मजबूती को इनेलो ने खरखौदा में की बैठक



**खरखौदा।** बैठक में मौजूद इनेलो नेता व कार्यकर्ता।

**खरखौदा।** विधानसभा क्षेत्र खरखौदा के इनेलो के पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक खरखौदा में हुई। जिसमें मनोनीत हलका अध्यक्ष बलवान सेहरी का उनके मनोनयन पर स्वागत किया गया और उनकी अध्यक्षता में बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने व संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने पर विचार विनिमय किया गया। रविंद्र मंडोरा ने मंच का कुशल संचालन किया। जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश भर में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई हैं। पार्टी प्रमुख अभय सिंह चौटाला कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने और पार्टी में नयी जान फूंकने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात में कांग्रेस भाजपा की बी टीम की तरह कार्य कर रही है।

### कार से सोने की अंगूठी व सामान चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव कुराड़ के पास हवाई अड्डा होटल पर खाना-खाने आए युवक की गाड़ी का शीशा तोड़कर सामान व सोने की अंगूठी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। राजेंद्र एक्सटेंशन गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मनीष ने बताया कि वह परिवार के साथ हवाई अड्डा होटल में खाना खाने के लिए आए थे। इस दौरान कार को पार्किंग में लगा दिया। खाना खाने के बाद वापस आए तो कार का शीशा टूटा मिला। जांच की कार की सीट पर रखा उनकी पत्नी का पर्स गायब था। पर्स में सोने की अंगूठी, घर और कार की चाबी व अन्य सामान था।

## विश्व में रक्तदान सबसे बड़ा व अमूल्य दान है

- मानवता के लिए यह बहुत बड़ी समाज सेवा : कृष्णा गहलावत
- विधायक कृष्णा गहलावत ने रक्तदान शिविर में पहुंच कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

बहालगढ़ मार्केट एसोसिएशन व रक्त वाहिनी के सहयोग से भारतीय सेना के लिए विशाल रक्तदान शिवर लगाया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया । शिविर का शुभारंभ करने पहुंची विधायक कृष्णा गहलावत का संगठन के पदाधिकारी ने पुष्प गुच्छ व फूलमाला से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि विश्व में रक्तदान सबसे बड़ा और अमूल्य दान है। इस रक्तदान से किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है रक्तदान बहुत बड़ी जन कल्याण का कार्य है। लोगो मे यह जागरूकता होनी चाहिए की रक्त दान से शरीर मे कोई हानि नही होता है। विधायक ने रक्त दान शिविर के आयोजक पर धन्यवाद देते हुए कहा की मानवता के लिए यह बहुत बड़ी समाजसेवा है । शिविर में जखोली मंडल के अध्यक्ष से शेखर आंतिल ने भी अपने युवा साथियों के साथ रक्तदान किया। इस मौके पर भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल , जे पी रेवली, सरपंच राजेश, प्रदीप बंसल सुरजीत जयसिंह नरेंद्र आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।



**राई।** शिवर में विधायक कृष्णा गहलावत रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए ।



**खरखौदा।** स्वर्ग धाम में कूड़ा उठाते विधायक पवन खरखौदा व अन्य

### विधायक ने खुद उठाया कूड़ा, दिया स्वच्छता का संदेश

**खरखौदा।** प्रति सप्ताह चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत विधायक पवन खरखौदा ने रविवार को स्वर्गधाम यानी श्मशान घाट परिसर में सफाई की। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समिति के सदस्यों के साथ मिलकर परिसर की सफाई कराई। खुद भी ई-रिक्शा से कूड़ा उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया। विधायक ने साफ-सफाई के दौरान लोगों को संदेश दिया कि शहर को सुंदर बनाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। सबसे पहले सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सभी सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाए। इसके बाद शहर की गलियों और खासकर घरों के सामने सफाई पर ध्यान दिया जाए। विधायक ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शहरवासियों से अपील की कि इस अभियान में सभी सहयोग करें, ताकि पूरे शहर की सुंदरता को चार चांद लग सकें।

## मन की बात में मिली विकास की झलक : शर्मा

- कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और रणबीर गंगवा ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश को विकास की तिगुना रफ्तार से आगे बढ़ाने की झलक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में निरन्तर झलक रही है। पेपर रिसाइकिल में गुरुग्राम व खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा की प्रशंसा से प्रदेश का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर उनकी मुहिम को आगे बढाना है, ताकि देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा किया जा सके। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने गोहाना विधानसभा के बूथ 52 पर पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड सुना। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा कि आप्रेशन सिन्दूर महज एक सैन्य अभियान नहीं, अपितु भारत के संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस भावना ने पूरे देश को एकजुट करते हुए देशभक्ति के भाव से जोड़ते हुए तिरंगामई कर दिया है। इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, बलराम कौशिक, भूपेन्द्र मुदगिल, सतबीर वर्मा, डॉ. राममेहर राठी, महेंद्र चिड़ाना आदि उपस्थित रहे।



**गोहाना।** कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व मंत्री रणबीर गंगवा। *फोटो : हरिभूमि*

## भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की

# विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

- विधायक निखिल मदान ने अपने बूथ नंबर 223 पर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी कार्यक्रम मन की बात में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के साथ किये जाने वाले संवाद मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान के साथ सेक्टर 26-27 मैप्सको सिटी में कम्युनिटी सेंटर पर बूथ नंबर 223 के भाजपा कार्यकर्त्ता भी मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल के अंतर्गत आने वाले 223 बूथ नंबर के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यहां के बच्चों में विज्ञान से जुड़ने का जुनून है। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेना ने जो पराक्रम दिखाया है उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया। यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी भारत में बने हथियारों उपकरणों और तकनीकी क्षमता की ताकत, इसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था।



**सोनीपत।** मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए विधायक एवं अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मुकेश बत्रा, राजेंद्र गौतम, पवन तनेजा, भूपेंद्र गहलावत, सूरज जैन, राहुल खत्री, जोगिंदर राठी, राहुल शर्मा, संदीप मलिक, ईश जौहर, राहुल शर्मा, अंकित कौशिक, निखिल दहिया, सागर चोपड़ा, अक्षय, कुलदीप वत्स, गौरव कौशिक, सौरभ चांदना आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने नाइट डोमिनेशन के दौरान दोपहिया वाहन चोरी करने की दो अलग-अलग मामलों में संलिप्त दो आरोपीतो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी को सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस टीम ने प्रमोद उर्फ मोगली को गिरफ्तार किया है। आरोपितो को अदालत में पेश किया। एक आरोपित को जेल व दूसरे को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। महलाना निवासी सुमित ने गत 24 मई को दोपहिया वाहन चोरी करने की शिकायत दी थी। वहीं पांच मई को सागर निवासी प्याऊ मनियारी कुंडली ने शिकायत देकर बताया था कि उसकी बाइक को किसी ने घर के सामने से चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक राजेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान उसे पूछताछ की जा रही है।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप, केस

**सोनीपत।** गांव नांदनौर में घर के अंदर घुसकर हथियार के बल पर व्यक्ति से मारपीट करने व बीच-बचाव करने आए उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। शोर मचाने पर हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घायलों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नांदनौर निवासी सोनू ने बताया कि वह 21 मई की रात को वह परिवार के साथ घर पर सो रहा था। रात करीब साढ़े 12 बजे पिता के चिल्लाने की आवाज सुनकर अपनी मां के साथ बाहर आया तो देखा कि घर में चार युवक घुसे थे। सभी ने अपने चेहरे पर कपड़े बांध रखे थे। युवक उसके पिता को लाठी-डंडों से पीट रहे थे। दो युवकों के पास पिस्टल भी थी। चारों युवकों कहा कि अगर मोहित कलाई से पंगा लिया तो तुम्हें जान से मार देंगे। सोनू का कहना है कि उसने विरोध किया तो युवक ने उसके माथे पर पिस्टल तान दी।

## यह कैसी जागरूकता: दूसरों को नसीहत, खुद मियां फजीहत

# गांव खानपुर कलां और कैलाना में सड़क पर बह रहा अनमोल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



### सड़कों को तोड़ता है पानी

पेयजल की लाइन लीक होने से जहां सड़कों पर पानी भरता है, उसके बारे में जनस्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया है। लीकेज को ठीक करवाने को कहा गया है। पानी भरने के चलते सड़के टूट जाती हैं।

**-अशोक कुमार,** एसडीओ, लोक निर्माण विभाग

### भारी वाहन तोड़ते हैं वाल्व

कैलाना खास में बहुत पहले से सडक़ के बीच में वाल्व बनी हुई है। वहां कई बार भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है। इस वाल्व को जल्द सडक़ के किनारे पर शिफ्ट कराया जाएगा। खानपुर कलां में भी लीकेज को ठीक करवाया जाएगा।

**-सुनील सैनी,** एसडीओ, जनस्वास्थ्य विभाग

एक तरफ जनस्वास्थ्य विभाग हर साल जल बचाओं अभियान पर लाखों रुपये खर्च कर रहा है। विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को खुले से बहने वाले पानी को रोकने का पाठ पढ़ाते हैं तो दूसरे तरफ अपनी लापरवाही से आए दिन सैकड़ों लीटर पानी की बर्बादी को देखकर भी अनदेखा करने में अधिकारी कोई संकोच नहीं करते। कुछ ऐसा ही गांव खानपुर कलां व कैलाना गांव की सड़कों बहता पेयजल दूसरों को नसीहत, खुद मियां फजीहत वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। यह तो एक उदाहरण मात्रा है, जिले में ऐसे मामले हर गांव, शहर व कस्बे में देखे जा सकते हैं। गांव खानपुर कलां और कैलाना में पेयजल की पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज हो गई हैं। इससे रोजाना सैकड़ों लीटर पेयजल की बर्बादी हो रही है और जलभराव के चलते सड़कें भी टूट रही हैं। सड़कों पर पानी भरा होने और गड्ढे हो जाने से वाहन चालकों की भी परेशानी बढ़ गई है। लोक निर्माण विभाग ने लीकेज को ठीक करने के लिए जनस्वास्थ्य को पत्र लिखा। राज्य सरकार द्वारा गांव खानपुर कलां को महाग्राम बनाया जा चुका है। यहां पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल की आपूर्ति देने के लिए जलघर बनाया गया है। महाग्राम बनने के बाद गांव में पेयजल की आपूर्ति के लिए पाइप लाइनें बिछाई गईं। पाइप लाइन गोहाना-खानपुर कलां मार्ग के निकट से गुजरती है। गांव के बीच के बस स्टैंड के निकट पेयजल की पाइप लाइन लीक हो गई। दूसरी तरफ गांव कैलाना में भी जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जलघर बनाया गया है। इस जलघर से गांव कैलाना खास, साथ लगते रामगढ़ गांव में भी पेयजल की आपूर्ति होती है। गांव कैलाना खास में रोड के साथ बिछाई गई पेयजल की पाइप लाइन लीक हो गई है। दोनों गांवों में पाइप लीक होने से रोजाना जब भी जब भी सप्लाई छोड़ी जाती है तब सैकड़ों लीटर पेयजल सडक़ों पर व्यर्थ बह जाता है। पाइप लाइनों में लीकेज के चलते पेयजल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। लगातार जलभराव रहने से सड़कें भी टूट रही हैं। जहां पाइप लाइनें लीकेज होने से पानी भरता है वहां पर सड़क टूटने से गड्ढे भी हो गए हैं।



गोहाना। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए अतिथि एवं शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

## लक्ष्य ऊंचा रखें और उसे मेहनत से हासिल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

■ दून पब्लिक स्कूल में स्वर्गिक सेरेमनी का आयोजन

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में स्वर्गिक सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों व शिक्षकों के योगदान को समर्पित रहा। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों और उनके गुरुजनों को सम्मानित किया गया। नेतृत्व स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार और उप चेयरमैन विक्रांत का रहा।

अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की।समारोह के मुख्य अतिथि इसराना के एसडीएम आशीष वशिष्ठ और विशिष्ट अतिथि जीडी गोयंका स्कूल सोनीपत की उप प्राचार्या निधि जैन रहीं। एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में सफल बनने के लिए अपने लक्ष्य को ऊंचा रखें और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। विद्यार्थी अपने आदर्श भविष्य की कामना करें, अपने लक्ष्य को स्पष्ट एवं विशिष्ट रूप से परिभाषित करें, अपने मूल्यों, प्राथमिकताओं और रुचियों को पहचानने के साथ एक रोल मॉडल खोजें। उन्होंने कहा कि असफलता को जीवन की हार न मानें अपितु पिछली गलतियों में सुधार करके सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें।

# रेणु विद्या मंदिर में नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई




राई। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष नानक चंद गुप्ता प्रतिभागी व विजेता छात्रों में शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

रेणु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विशेष एवं सामान्य श्रेणियों में अलग-अलग विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें सम्मानित इनाम राशि से पुरस्कृत किया गया।

मंच सचालन करते हुए आकाश (अक्की) ने हंसी ख़ुशी के रंग बखेर दिए। सभी प्रतिभाशाली डांसर्स ने प्रस्तुति दी । अर्बन क्रुव की ने ग्रुप डांस के द्वारा स्त्री का अपमान करने से हुई महाभारत की गाथा को संक्षिप्त ने परतुत किया जिसकी सभी ने बहुत प्रसंसा की और ग्रुप डांस में विजेता बने । दिव्यांगजन मोहित ने प्रथम ख़िताब पर कब्जा किया। संस्थान के अध्यक्ष नानक चंद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को उपहार एवं धनराशि से सम्मानित किया।

संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष नानक चंद गुप्ता ने भविष्य में और भी भव्य आयोजन करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुलहाड़े ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। निर्णायक मंडल में ईश्वर (कोरियोग्राफर एवं डांसर), सपना यादव (कथक एवं वेस्टर्न डांस कोरियोग्राफर एवं परफॉर्मर), ख़ुशी कौर (कोरियोग्राफर एवं परफॉर्मर), गोविंदा राणा (कोरियोग्राफर एवं डांसर), आयुष (कोरियोग्राफर एवं डांसर), मेहबूब खान (कोरियोग्राफर एवं डांसर), आकाश (अक्की) (द वॉइस ऑफ हार्ट्स) ने निभाई।

### कुदरत मॉर्डन स्कूल के प्राचार्य पर हमला, केस

**गन्नौर ।** बेगा गांव के पास कुदरत मार्डन स्कूल के प्राचार्य पर बाइक सवार दो युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी कार के शीशे भी तोड़ दिए। हमले के बाद प्राचार्य की कार में रखी नकदी, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज भी गायब मिले। प्राचार्य ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में कुदरत मार्डन स्कूल के प्राचार्य खेड़ी तगा निवासी दीपक ने बताया कि वह 22 मई को अपनी कार से स्कूल संबंधी कार्य निपटाकर लौट रहे थे। इस बीच बेगा गांव के पास बुलेट बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनकी कार रोक ली। बाइक पर प्रिंस निवासी गांव बेगा व उसका साथी मौजूद थे। आरोप है कि दोनो ने उन पर डंडे और लोहे की राड से हमला कर दिया। प्रिंस और उसका साथी उन्हें कार से खींचकर बुरी तरह पीटते रहे और उनकी कार के शीशे तोड़ डाले।

# विधायक ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन

■ सनपेड़ा में 55 लाख की लागत से बनी वीकेसी बिल्डिंग और 15 लाख की लागत से वाल्मीकि चौपाल में शेड निर्माण व जीर्णोद्धार कार्यों का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान व गांव के सरपंच प्रमोद ढाका वाल्मीकि चौपाल में शेड निर्माण कार्यों का उद्घाटन करते हुए । फोटो: हरिभूमि

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विकास कार्यों में किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा। हर गांव में समान रूप से विकास कराया जाएगा। रविवार को उन्होंने गांव सनपेड़ा में 55 लाख की लागत से बनी वीकेसी बिल्डिंग और 15 लाख की लागत से वाल्मीकि चौपाल में शेड निर्माण व जीर्णोद्धार कार्यों का उद्घाटन किया।

ग्रामीणों ने इन कार्यों पर खुशी जताई। इससे पहले गांव पहुंचने पर सरपंच प्रमोद ढाका और ग्रामीणों ने फूलमाला, पगड़ी पहनाकर विधायक का स्वागत किया। शॉल भेंट कर सम्मान भी दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि महाशय दयाचंद प्रचार कमेटी की ओर से वाल्मीकि चौपाल के उद्घाटन पर महारागनी प्रतियोगिता कराई गई। कलाकारों ने देशभक्ति रागनियों से ग्रामीणों का मनोरंजन किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांव की तरक्की ही असली विकास है। उनकी प्राथमिकता हर गांव में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। विधायक ने सरपंच प्रमोद ढाका की सराहना की। कहा कि प्रमोद कभी अपने हित में फोन नहीं करता, हमेशा गांव के विकास की बात करता है। सरपंच प्रमोद ढाका ने कहा कि गांव में विकास कार्यों में तेज किया गया है। गऊशाला के पास पार्क, श्मशान घाट में शेड और चारदीवारी का काम पूरा होने वाला है। डी प्लान से दो गलियों का निर्माण होगा। इस मौके पर बिसम्बर वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, बिजेंद्र, जगदीप, राजेंद्र, सुनील ढाका, सोनू, राजबीर, हरिया पंडित, शमशेर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सोलर कनेक्शन की तार चोरी की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ चोरी की तार व वारदात में प्रयुक्त ऑटो किया बरामद

मोहाना थाना सोनीपत पुलिस ने सोलर कनेक्शन की तार चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर निवासी मोहाना, आरिफ निवासी रेवली व विशाल निवासी जैनपुर टिकौला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रतनगढ़ निवासी ललित ने 23 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने दो सोलर कनेक्शन ले रखे है। गत 20 मई को किसी ने खेत में लगे सोलर से तारें चोरी कर ली। अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सिपाही कपिल की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। आरोपितो के पास से चोरी किए तार व वारदात में इस्तेमाल ऑटो बरामद किया है। आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# शुगर को कहें न अभियान किया शुरू

■ शिवा शिक्षा सदन में स्वस्थ जीवनशैली के लिये कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में शुगर को कहें ना अभियान की शुरुआत की गई। इस पहल का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को कम उम्र से ही अतिरिक्त चीनी के सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना और दीर्घकालिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। यह अभियान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करता है, बल्कि मानसिक व भावनात्मक संतुलन की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। इस अभियान की शुरुआत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने



विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से हुई, जिसमें बच्चों ने लघु नाटकों, शैक्षिक वीडियो, प्रश्नोत्तरी एवं फैंसी ड्रेस के जरिए न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि अतिरिक्त चीनी के सेवन से होने वाली बीमारियों जैसे टाइप-2 डायबिटीज, मोटापा, दांतों की सड़न, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। बच्चों ने अपने प्रस्तुतियों में यह दर्शाया कि किस प्रकार छोटे-छोटे बदलाव जैसे कोल्ड ड्रिंक की जगह नारियल पानी, चॉकलेट की जगह फल और पेस्ट्री की जगह घर के बने स्वास्थ्यवर्धक नाश्ते को अपनाकर हम एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। अभियान के अंतर्गत कई नवाचारपूर्ण और प्रभावी गतिविधियों का आयोजन किया गया। सप्ताह में एक दिन 'नो शुगर डे' मनाया जाता है।

## हरियाणा फुटबाल लिजेंडरी अवार्ड 2 जून को

**सोनीपत।** हरियाणा फुटबाल महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संघ के अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 2 जून को हरियाणा के वरिष्ठ फुटबाल कोच, रेफरी, प्रशासक व प्रबंधकों को सम्मानित करने के लिये हरियाणा फुटबाल लिजेंडरी अवार्ड के नाम से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित हूडा कंवेंशन सेंटर में आयोजित होगा, जिसमें मुख्यातिथि ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे होंगे। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर खेलमंत्री गौरव गौतम, राज्य मंत्री राजेश नागर, हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के उपकुलपति अशोक गर्ग, बड़खल के विधायक धनेश अधलखा, नगर निगम फरीदाबाद की मेयर प्रवीन जोशी, महिला आयोग हरियाणा की चेयरपर्सन रेणू भाटिया उपस्थित रहेंगें। कार्यक्रम के लिये 140 लोगों के नाम आए थे, जिसमें से 50 को चयनित किया गया है।

## खंदराई में ग्रामीणों को दी नौतपा की जानकारी

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खंदराई द्वारा रविवार को गांव के लोगों को जेष्ठ माह यानि मई के महीने में आने वाले नौतपा के विषय में जानकारी दी गई। समिति के अध्यक्ष जगमहेद्र सिंह ने बताया गया कि इन 9 दिनों में भयंकर गर्मी पड़ती है। यह कोई नई बात नहीं है। यह सदियों से चला आ रहा है। इसका जिक्र स्कन्द पुराण और ब्रह्मवैवर्तपुराण में भी मिलता है। समिति अध्यक्ष के अनुसार 25 मई से 2 जून तक नौतपा का समय रहेगा। इस दौर में सूर्य देव अपनी किरणों से घरती को शुद्ध करते हैं। इन 9 दिनों के लिए सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर अपने प्रचंड रूप में होता है और रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ती है, जिसे बहुत शुभ माना गया है। इसके बाद तापमान में कुछ गिरावट होनी शुरू हो जाती है। इन नौ दिनों के महत्व बारे कहा गया है कि दो मुसा दो कातरा, दो टिड्डे दो ताय। दो की बादी जक हरे, दो वेशवर दो वाय। अर्थात प्रथम दो दिन गर्म हवाएं चूहों की पैदावार कम करती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# विधायक ने करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क व दो गलियों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करती विधायक कृष्णा गहलावत।

> हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही अन्य विकास कार्य शुरू होंगे

■ सबोली तक 6 करोड़ 50 लाख की लागत से बनेगी सड़क

राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को विधिवत रूप से नाथुपुर गांव से सबोली गांव तक 6 करोड़ 50 लाख से बनने वाली सड़क व सबोली गांव में बाबा खेड़ा वाली करीब 24 लाख की लागत से बनने वाली गली, गांव की फिरनी से श्याम धर्म काटा तक बनने वाली गली का शिलान्यास किया। सड़क व गली का निर्माण होने के बाद इससे आवागमन आसान हो जाएगा। गांव में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत का गाव के सरपंच व गणमान्य लोगों ने के पुष्प गुच्छ व फूल मालाओं से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान जारी संकल्प पत्र में किए तमाम वादों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही और भी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनता को सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं देने के लिए सरकार का फोकस है। जनता की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश का सामान्य विकास करवा रहे हैं । आज भाजपा की कार्यशैली से प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है । इस अवसर पर बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, सीमा, भाजपा युवा नेता पुनीत राई, जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, वेदपाल शास्त्री अंजलि बजाज अमित दहिया, प्रदीप जयसिंह सबोली, कुंडली नगर पालिका चेयरपर्सन शिमला देवी, पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष कुलदीप नांगल, प्रदीप पीडब्ल्यूडी के एसडीओ तरुण गौड ,एसडीओ दिलबाग मेहरा, पार्षद नंदकिशोर, जयराम शर्मा, मंडल महामंत्री वेद पाल शास्त्री, संजीत सबौली, सरपंच सुनील सबौली आदि भी मौजूद रहे।

## सबोली के प्राचीन इतिहास पर लिखी पुस्तक का विधायक ने किया विमोचन




राई। मास्टर चांद सिंह की पुस्तक का विमोचन करती विधायक गहलावत।

**राई ।** विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को सबोली गांव में आयोजित कार्यक्रम में गांव के मास्टर चांद सिंह द्वारा गांव के प्राचीन इतिहास पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव के इतिहास पर लिखी पुस्तक का विमोचन करने पर बहुत खुशी है ।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गांव के इतिहास की पुस्तक का विमोचन एक महत्वपूर्ण अवसर हैं, जिससे गांव के लोगों को उनके अतीत से जुड़ने और अपने इतिहास को समझने का एक नया अवसर प्रदान किया। पुस्तक में गांव के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जैसे कि गांव की स्थापना, गांव के प्रमुख व्यक्तियों के योगदान, और गांव के विकास की कहानी।

विमोचन समारोह में मुख्यमंत्री एसडी वीरेंद्र सिंह , गांव के प्रमुख व्यक्तियों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह पुस्तक गांव के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी और उन्हें अपने इतिहास को समझने में मदद करेगी।